<u>वस्त्र मंत्रालय</u>

<u>मंत्रिमंडल हेतु माह जुलाई, 2022 का मासिक सारांश</u>

1. <u>महत्वपूर्ण नीति</u> : शून्य

<u>महत्वपूर्ण उपलब्धियां:</u>

I. कपास की अखिल भारतीय आवक लगभग 1.30 लाख गांठ थी। इस कपास मौसम में अक्टूबर 2021 से जुलाई 2022 तक कपास की कुल आवक 301.97 लाख गांठ रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह लगभग 13% कम है। चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने जुलाई, 2022 के दौरान एमएसपी अभियान के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

II. घरेलू और विदेशी बाजार में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, चेन्नई ने माह जुलाई, 2022 में एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम: इंडिया टेक्स ट्रेंड फेयर, टोक्यो, जापान का आयोजन किया।

बुनकर मुद्रा योजना के तहत, जुलाई 2022 में 591 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

III. तेलंगाना राज्य में हस्तशिल्प के संवर्धन और विकास के लिए वर्ष 2016-17 में 1320.72 लाख रूपये की कुल परियोजना लागत के साथ हस्तशिल्प एकीकृत विकास और संवर्धन (आईडीपीएच) परियोजना (तेलंगाना) को स्वीकृत किया गया। इसे तेलंगाना राज्य हस्तशिल्प विकास निगम (टीएसएचडीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। निम्नलिखित परिणामों के साथ इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया है:

- 10 डिजाइन विकास कार्यशालाएं, 03 एकीकृत डिजाइन विकास परियोजनाएं, 18 तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम , 4 शिल्प जागरूकता कार्यक्रम और 2 शिल्प प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
- 2 प्रदर्शनी, 2 शिल्प बाजार, 1 एम्पोरियम और 4 सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित किए गए हैं।
- कारीगरों को 365 आधुनिक टूलकिट वितरित किए गए हैं।
- तेलंगाना के शिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रचार, ब्रांड प्रचार और वेब मार्केटिंग शुरू की गई है।

IV. उत्पादन संम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत , 64 आवेदकों का चयन किया गया था और जुलाई, 2022 में 44 चयनित प्रतिभागियों को अनुमोदन पत्र भेजे गए थे । लगभग 700 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसके अलावा, वस्त्र के लिए पीएलआई योजना की समीक्षा करने और पीएलआई के दूसरे दौर के लिए भावी योजना पर चर्चा करने के लिए सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में दिनांक 10.06.2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी। पीएलआई-II के संबंध में दिनांक 13.7.2022 को भी सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में एक बैठक हुई ।

V. वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए समर्थ योजना के तहत सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) की बैठक दिनांक 25.07.2022 को हाइब्रिड मोड में

आयोजित की गई थी। अधिकार प्राप्त समिति ने पैनल में शामिल 5 नई एजेंसियों और 12 मौजूदा एजेंसियों को 19,234 लाभार्थियों के प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित किया है।

VI. माननीय वस्त्र मंत्री की अध्यक्षता में और माननीय वस्त्र राज्य मंत्री की सह-अध्यक्षता में संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत अंतर मंत्रालयी संचालन समिति ( आईएमएससी) की 7 वीं बैठक दिनांक 22.07.2022 को आयोजित की गई थी। आईएमएससी ने योजना की प्रगति की समीक्षा की और एटीयूएफएस के दिशानिर्देशों में प्रावधानों की व्याख्या के संबंध में कुछ नीतिगत मुद्दों का समाधान किया, जो लाभार्थी उद्योग पर अनुपालन बोझ को और कम करेगा।

II. माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 13.07.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में गैर-सरकारी निदेशकों के साथ बातचीत पर बैठक।
- दिनांक 14.07.2022 को वर्ली , मुंबई में कपास के मुद्दों पर वस्त्र सलाहकार समूह की परस्पर विचार–विमर्श बैठक।
- दिनांक 24.7.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में संपूर्ण कपास वस्त्र मूल्य श्रृंखला से कपास के उत्पादन और उत्पादकता पर हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई
- दिनांक 25.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में जूट पर चर्चा।
- दिनांक 28.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में पीएम मित्र की समीक्षा।
- दिनांक 28.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में हथकरघा हाट और हथकरघा समिति की समीक्षा बैठक।

III. माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 14.07.2022 को वर्ली, मुंबई में कपास के मुद्दों पर वस्त्र सलाहकार समूह की बैठक में भाग लिया ।
- दिनांक 21.07.2022 को वीसी के माध्यम से एटीयूएफएस और टीयूएफएस की ब्रीफिंग।
- दिनांक 24.7.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में संपूर्ण कपास वस्त्र मूल्य श्रंखला से कपास के उत्पादन और उत्पादकता पर आयोजित हितधारकों के साथ बैठक में भाग लिया ।
- दिनांक 29.07.2022 को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सहयोग से " वैदेही-सीता बियोंड द बॉडी" पर प्रदर्शनी का उद्घाटन।

IV. सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठक की अध्यक्षता की/ बैठक में भाग लिया:

- दिनांक 04.07.2022 को निफ्ट के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 56 वीं बैठक।
- दिनांक 04.07.2022 को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के कार्यालय के मामले में सुनवाई ।
- दिनांक 06.07.2022 को सिल्क मार्क एक्सपो पर बैठक।
- दिनांक 07.07.2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में वस्त्र समिति को टीआईपीए में परिवर्तित करने और सीसीआईसी और एनएचडीसी के विलय की समीक्षा पर कैबिनेट नोट पर बैठक में भाग लिया।

- दिनांक 12.07.2022 को ग्रेटर नोएडा में होमडेकोर गिफ्ट्स हाउसवेयर (एचजीएच) इंडिया का उद्घाटन किया।
- दिनांक 13.07.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में  गैर-सरकारी निदेशकों के साथ बातचीत में भाग लिया।
- दिनांक 13.07.2022 को वीसी के माध्यम से प्रधान मंत्री के वस्त्र सलाहकार के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया।
- स्पोर्टेक पर वेबिनार - दिनांक 13.07.2022 को वीसी के माध्यम से भारत में खेल वस्त्र और सहायक उपकरण उद्योग का भविष्य।
- दिनांक 19.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में श्रम, वस्त्र और कौशल विकास और मानव निर्मित फाइबर के विकास पर स्थायी समिति की बैठक।
- दिनांक 21.07.2022 को वर्ष 2022-23 के लिए पटसन पर 30 वीं स्थायी सलाहकार समिति की बैठक ।
- दिनांक 25.07.2022 को निफ्ट में फैशन, वस्त्र और परिधान क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए अभिनव वित्तपोषण पर ग्लोबलस्पिन राउंड टेबिल सम्मेलन में भाग लिया ।
- दिनांक 27.07.2022 को अपैरल हाउस में फैशन फॉर गुड पर बैठक, नीदरलैंड्स-रिपोर्ट रिलीज अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल,
- दिनांक 28.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में पीएम मित्र की समीक्षा बैठक में भाग लिया।
- 28.07.2022 को संसद भवन, नई दिल्ली में हथकरघा हाट और हथकरघा समिति की समीक्षा बैठक में भाग लिया ।
- दिनांक 29.07.2022 को गुरुग्राम में इंटरनेशनल सिल्क फेयर कम रिवर्स बायर सेलर मीट ( *आरबीएसएम*) में भाग लिया।
- दिनांक 29.07.2022 को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सहयोग से " वैदेही-सीता बियोंड द बॉडी" पर प्रदर्शनी में भाग लिया।
- दिनांक 30.07.2022 को ताज पैलेस, नई दिल्ली में चक्रधारा पर बैठक – डब्ल्यूएआरपी और डब्ल्यूइएफटी द्वारा फैब्रिक में इंटरएक्टिव पैनल चर्चा - ऑनलाइन वस्त्रों का अध्ययन,

V. ‘आज़ादी का अमृत महोत्सव ”  के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित / मनाए गए:

- दिनांक 19.07.2022 को  मंगल पांडे की 195 वीं जयंती मनाई गई।
- दिनांक19.07.2022 को विवेकानंद की 120 वीं पुण्यतिथि मनाई गई।
- दिनांक 25.07.2022 को वस्त्र आयुक्त कार्यालय / पावरलूम सेवा केंद्रों के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा श्री बाल गंगाधर तिलक की 166 वीं जयंती  मनाई गई।

VI. "आज़ादी का अमृत महोत्सव ”(एकेएएम)के तहत " हर घर तिरंगा’’ अभियान :

भारत सरकार ने "आज़ादी का अमृत महोत्सव ”(एकेएएम") के तहत हर घर तिरंगा अभियान की पहल शुरू की। एक सफल और भागीदारी कार्यक्रम के लिए, यह परिकल्पना की गई थी कि भारत की आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से को कवर करने वाले 10 करोड़ से अधिक भारतीय परिवार अगस्त 2022 में 'स्वतंत्रता सप्ताह' के दौरान झंडा फहराएंगे। वस्त्र मंत्रालय को लगभग 6

करोड़ राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण करने का लक्ष्य दिया गया था। इस संबंध में, सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में दिनांक 05.07.2022, 07.07.2022 11.07.2022, 20.07.2022, 25.07.2022 और 26.07.2022 को " हर घर तिरंगा (एचजीटी)" अभियान के लिए राष्ट्रीय ध्वज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई बैठकें आयोजित की गईं। । सचिव (वस्त्र) ने दिनांक 05.07.2022 और 07.07.2022 को माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठकों में भाग लिया। इसके अलावा, सचिव (वस्त्र) ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 19.07.2022 को " हर घर तिरंगा " पर आयोजित बैठक में भाग लिया ।

........................